संख्या– 115 / 51 / XXVI-A-1 / 2023

प्रेषक,

दीपक कुमार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

**समस्त कुलपति / महानिदेशक / निदेशक / उपनिदेशक / कार्यकारी निदेशक / सचिव,**
समस्त विश्वविद्यालय / शिक्षण संस्थान / कॉलेज / अकादमी / संस्थान / केन्द्र,
उत्तराखण्ड सरकार एवं भारत सरकार के राज्य में स्थापित।
**(सूची संलग्न)**

**कार्यक्रम क्रियान्वयन अनुभाग** **देहरादून, दिनांकः 05 मार्च, 2024**

**विषय : कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गयी "मेरी योजना" नामक पुस्तक का प्रचार–प्रसार करने विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 742 / 51 / XXVI-A-1 / 2023 दिनांक 04.12.2023 एवं पत्र संख्या 748 / 51 / XXVI-A-1 / 2023 दिनांक 08.12.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से, **"मेरी योजना" पुस्तक** को विभागीय वैबसाइट में अपलोड करने हेतु अनुरोध किया गया था।

2. उल्लेखनीय है कि समस्त विभागों के सहयोग से कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा **"मेरी योजना"** पुस्तक तैयार की है, जिसका पीडीएफ फार्मेट निशुल्क वैबसाइट https://uk.gov.in अथवा राज्य के सभी विभागों की वैबसाइट / पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। इस पुस्तक में कुल 55 विभागों एवं अधीनस्थ कार्यालयों की लगभग 400 योजनाओं / नीतियों / कार्यक्रमों / मूलभूत सेवाओं / प्रमाणपत्रों / पोर्टल का उल्लेख किया गया है एवं **राज्य में प्रथम बार इस प्रकार की पुस्तक तैयार की गयी है।**

3. पुस्तक में योजनाओं का लाभ लेने की पूरी प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लेख सरल भाषा में लिखा गया है। पुस्तक के प्रारूप को मुख्यतः 4 भागों में अंकित किया है– (योजना का नाम क्या है, योजना का लाभ क्या है, योजना का लाभ कौन व्यक्ति ले सकते हैं / योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कौन व्यक्ति पात्र हैं एवं योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन कहां / कैसे करना होगा, किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी एवं आवेदन करने के उपरांत कैसे चयन किया जाता है तथा कैसे लाभ, लाभार्थी को मिलता है), ताकि राज्य के वंचित पात्र लाभार्थियों को समस्त योजनाओं का संकलन एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी एक ही पुस्तक से प्राप्त हो सके।

4. यह पुस्तक जहां राज्य के अंतिम वंचित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं के संबंध में जागरूकता प्रदान करेगी एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनायेगी वहीं विश्वविद्यालय / शिक्षण संस्थान / कॉलेज / केन्द्र / अकादमी / संस्थान, में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर, शोध, सरलीकरण, समाधान एवं सुधार हेतु उपयुक्त होगी।

अतः "मेरी योजना" पुस्तक ( https://uk.gov.in अथवा राज्य के सभी विभागों की वैबसाइट / पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है) के संबंध में एवं पुस्तक में उल्लिखित योजनाओं को अपने विश्वविद्यालयों / संस्थानों / कॉलेज / कार्यालयों में प्रचार–प्रसार करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(दीपक कुमार)
सचिव।

D:\RANJANA -REVIEW OFFICER- Program implementation Section\government schemes\MERI YOJNA-book file\uo latter.doc

**केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के विश्वविद्यालय /शिक्षण संस्थानों/कॉलेजों/अकादमी/संस्थान/केन्द (राज्य में स्थापित) :–**

| क्र.सं. | नाम | प्रचार–प्रसार किया गया या नहीं ? |
|---|---|---|
| 1. | वीर माधो सिंह भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून। | |
| 2. | उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | |
| 3. | उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार। | |
| 4. | कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल। | |
| 5. | गुरूकुल कांगडी (डीम्ड) विश्वविद्यालय, हरिद्वार। | |
| 6. | गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, ऊधमसिंहनगर। | |
| 7. | श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी। | |
| 8. | उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून। | |
| 9. | दून विश्वविद्यालय, देहरादून। | |
| 10. | वीर चन्द्र सिंह गढवाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, पौडी गढवाल। | |
| 11. | हेमवती नन्दन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून। | |
| 12. | डा0 सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी। | |
| 13. | वीर चन्द्र सिंह गढवाली राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर। | |
| 14. | दून राजकीय मेडिकल कॉलेज, देहरादून। | |
| 15. | अल्मोडा राजकीय मेडिकल कॉलेज, अल्मोडा। | |
| 16. | गोविन्द बल्लभ पंत इंजीनियरिंग कॉलेज, पौडी। | |
| 17. | विपिन त्रिपाठी, कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान, द्वाराहाट। | |
| 18. | राजकीय होटल मैनेजमेंट एवं कैटरिंग संस्थान, देहरादून। | |
| 19. | जगत सिंह बिष्ट राजकीय होटल मैनेजमेंट एवं कैटरिंग संस्थान, अल्मोडा। | |
| 20. | भातखण्डे संगीत महाविद्यालय, अल्मोडा। | |
| 21. | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, देहरादून। | |
| 22. | इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून। | |
| 23. | भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून। | |
| 24. | नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी। | |
| 25. | पं. गो. ब. पंत हिमालय पर्यावरण एवं विकास संस्थान, अल्मोडा। | |
| 26. | भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून। | |

| | | |
|---|---|---|
| 27. | भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून। | |
| 28. | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूडकी। | |
| 29. | केन्द्रीय बिल्डिंग अनुसंधान संस्थान, रूडकी। | |
| 30. | भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून। | |
| 31. | भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून। | |
| 32. | राष्ट्रीय दृष्टिबाधित संस्थान, देहरादून। | |
| 33. | राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, देहरादून। | |
| 34. | राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, देहरादून। | |
| 35. | राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, देहरादून। | |
| 36. | लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी। | |
| 37. | वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून। | |
| 38. | वन अनुसंधान संस्थान(डीम्ड) विश्वविद्यालय, देहरादून। | |
| 39. | वाडिया हिमालय भू–विज्ञान संस्थान, देहरादून। | |
| 40. | विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा। | |
| 41. | हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर। | |
| 42. | भारतीय प्रबन्ध संस्थान, काशीपुर। | |
| 43. | सहकारी प्रबन्ध संस्थान, देहरादून। | |
| 44. | सेन्टर फॉर स्किलिंग एण्ड टैक्निकल सपोर्ट, देहरादून। | |
| 45. | डा0 आर0एस0टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल। | |
| 46. | उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार। | |
| 47. | उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी, नैनीताल। | |
| 48. | उत्तराखण्ड उर्दू अकादमी, देहरादून। | |
| 49. | उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास संस्थान, रूद्रपुर। | |
| 50. | वानिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, हल्द्वानी। | |
| 51. | उत्तराखण्ड भाषा संस्थान, देहरादून। | |
| 52. | जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, गोपेश्वर। | |
| 53. | राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान, अल्मोड़ा। | |
| 54. | राज्य अकादमी शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, देहरादून। | |
| 55. | पं0 गोविन्द बल्लभ पंत राजकीय संग्रहालय, अल्मोड़ा। | |
| 56. | दूरदर्शन केन्द्र, देहरादून। | |